Social Justice Union Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़,गुरूवार 06 फरवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 129

## केंद्र सरकार की मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के मिले बेहतर परिणाम

**» दूसरे चरण में 2 साल में किसानों को 11.69 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित » रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल में आई 10 प्रतिशत तक की कमी**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उर्वरकों के उपयोग से मृदा में मौजूद पोषक तत्वों में होने वाली कमी दूर करने के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। योजना के दूसरे चरण में बीते दो साल में कृषि मंत्रालय द्वारा किसानों को 11.69 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के निर्देशन में मंत्रालय द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा रहे हैं। इन कार्डों की सहायता से देश के किसान अपने खेत की मिट्टी के बेहतर स्वास्थ्य और उर्वरता में सुधार के लिए पोषक तत्वों को उचित मात्रा में उपयोग करने के साथ ही मिट्टी की पोषक स्थिति की जानकारी हासिल कर रहे हैं। राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एन.पी.सी) द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर सिफारिशों के तहत रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 8 से 10 प्रतिशत तक की कमी आई है,साथ ही उपज में 5-6 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

केंद्र सरकार द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण चक्र-1(वर्ष 2015 से 2017) में 10.74 करोड़ कार्ड, चक्र-2 (वर्ष 2017-2019) में 11.69 करोड़ कार्ड दिए गए हैं।

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान आदर्श गांवों का विकास नामक पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत किसानों की सहभागिता से कृषि जोत आधारित मिट्टी के नमूनों के संग्रहण और परीक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन हेतु प्रत्येक कृषि जोत पर मिट्टी के नमूनों के एकत्रीकरण एवं विश्लेषण हेतु हरेक ब्लॉक में एक-एक आदर्श गांव का चयन किया गया है। इसके अंतर्गत किसानों को 2019-20 में अब तक 13.53 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।

मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना हेतु, योजना के तहत राज्यों को अब तक 429 नई स्टेटिक लेब, 102 नई मोबाइल लेब, 8752 मिनी लेब, 1562 ग्रामस्तरीय प्रयोगशाला की स्थापना और 800 मौजूदा लेब के सुदृढ़ीकरण की मंजूरी दी गई हैं।

योजना के तहत मृदा की स्थिति का आकलन नियमित रूप से राज्य सरकारों द्वारा हर 2 साल में किया जाता है, ताकि पोषक तत्वों की कमी की पहचान के साथ ही सुधार लागू हो सकें। मृदा स्वास्थ्य प्रबन्धन योजना जहां एक ओर किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है, वहीं ग्रामीण युवाओं के लिए यह रोजगार का माध्यम भी बनी है। योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवा एवं किसान जिनकी उम्र 40 वर्ष तक है, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना एवं नमूना परीक्षण कर सकते हैं। प्रयोगशाला स्थापित करने में 5 लाख रूपए तक का खर्च आता हैं, जिसका 75 प्रतिशत केंद्र एवं राज्य सरकार वहन करती है। स्वयं सहायता समूह, कृषक सहकारी समितियां, कृषक समूह या कृषक उत्पादक संगठनों के लिए भी यहीं प्रावधान है।

इच्छुक युवा किसान या संगठन अपने जिले के उपनिदेशक, (कृषि), संयुक्त निदेशक कृषि को अथवा उनके कार्यालय में प्रस्ताव दे सकते हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अंतर्राष्ट्रीय समुद्री खाद्य शो कोच्चिं में 7 से 9 फरवरी तक

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) ने भारतीय समुद्री खाद्य (सीफूड) निर्यातक एसोसिएशन (एसईएआई) के सहयोग से 7 से 9 फरवरी 2020 तक कोच्चि में भारतीय अंतर्राष्टीय सीफूड शो (आईआईएसएस) के 22वें संस्करण का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष के समुद्री खाद्य शो की विषय वस्तु है नीली क्रांति-उत्पादन के आगे मूल्य वर्धन। कोच्चि में आयोजित 3 दिन के इस शो में विदेशी प्रतिनिधियों सहित 5000 प्रतिनिधि 350 स्टॉलों में 200 प्रदर्शकों के साथ अपने सामान को प्रदर्शित करेंगे।

### राजधानी आने वालीं 10 ट्रेनें एक से तीन घंटे तक लेट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली आ रहीं 10 ट्रेनें आज 1 से 3 घंटे तक लेट बताई जा रही हैं। सबसे ज्यादा लेट गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस है जो 3 घंटे 15 मिनट की देरी से दिल्ली आ रही है। इसके अलावा, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 3 घंटे, गाजीपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट, गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस 3 घंटे 15 मिनट, इलाहाबाद-नई दिल्ली प्रयागराज एक्सप्रेस 1 घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 2 घंटे, भागलपुर-आनंद विहार गरीब रथ 2 घंटे 30 मिनट, डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस 2 घंटे 45 मिनट, चेन्नई-नई दिल्ली जीटी एक्सप्रेस 2 घंटे 15 मिनट, मुंबई-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस 1 घंटे 15 मिनट और फैजाबाद दिल्ली फैजाबाद एक्सप्रेस 1 घंटे 45 मिनट की देरी से दिल्ली पहुंच रही हैं।

### चीन में कोरोना वायरस से अब तक 490 लोगों की गई जान

**बीजिंग।** चीन में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 490 हो गयी है, जबकि 24,324 लोगों में इस संक्रमण के पाये जाने की पुष्टि हुई है। चीन की सरकारी स्वास्थ्य समिति ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी। इससे पहले मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार कोरोना वायरस से 425 लोगों की मौत हो गयी थी और 20,438 मामलों की पुष्टि हुई थी। चीन की सरकारी स्वास्थ्य समिति के मुताबिक चार फरवरी की मध्यरात्रि तक उसे 31 प्रांतों से जानकारी मिली।

### ट्रंप के संबोधन में बतौर अतिथि शामिल हुए गुआइडो

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला के विपक्षी नेता एवं अंतरिम राष्ट्रपति जुआन गुआइडो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कांग्रेस के स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। व्हाइट हॉउस ने मंगलवार रात को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा, श्री ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने राज्य के लिए अतिरिक्त विशिष्ट अतिथियों की घोषणा की जिसमें वेनेजुएला से श्री गुआइडो का नाम भी शामिल किया गया। बयान में यह भी कहा गया कि श्री जुआन वेनेजुएला के अंतरिम राष्ट्रपति हैं और लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित वेनेजुएला नेशनल असेंबली के नेता हैं। गौरतलब है कि वेनेजुएला में पिछले वर्ष जनवरी में विपक्षी नेता गुआइडो के स्वयं को अंतरिम राष्ट्रपति घोषित करने के बाद देश में राजनितिक संकट गहरा गए हैं।

### हिमस्खलन से पांच की मौत, दो लापता

**अंकारा।** पूर्वी तुर्की में एक सड़क पर हिमस्खलन होने से बर्फ हटाने वाला एक वाहन और एक मिनी बस मलबे में दब गए जिससे पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लापता हैं। हिमस्खलन मंगलवार को पहाड़ी क्षेत्र बहकीसिर में हुआ। मेहमत के गवर्नर एमीन बिल्मेज ने पत्रकारों को बताया कि बर्फ हटाने वाले वाहन का संचालक और मिनी बस में सवार छह लोग सुरक्षित हैं। बचावकर्मी लापता दो लोगों की तलाश में लगे हैं लेकिन खराब मौसम की वजह से उनका अभियान बाधित हो रहा है।

## भारत तथा श्रीलंका के बीच अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए एलायंस एयर को मिली मंजूरी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एयर इंडिया की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी मेसर्स एलायंस एयर के विभाजन को पूर्व-प्रभाव से अपनी मंजूरी दे दी है।





मेसर्स एलायंस एयर द्वारा न्यूनतम 20 विमानों अथवा कुल क्षमता के 20 प्रतिशत विमानों की तैनाती होने तक, घरेलू संचालन के लिए जो अधिक हो, अंतरिम अवधि के लिए एक विशेष विभाजन को मंजूरी दी गई है। भारत और श्रीलंका एक-दूसरे के साथ निकटता से जुड़े हैं तथा दोनों देशों के बीच संपर्कता बढ़ाने के साथ-साथ जन-जन के बीच संपर्क का विस्तार करना हमारे हित में है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत की राजनीतिक एवं रणनीतिक हितों के लिए देश के दक्षिणी हिस्से से पालाली तथा बट्टीकलोवा महानगरों (उत्तरी तथा पूर्वी श्रीलंका) तक उड़ानों की शुरूआत करने का प्रस्ताव महत्वपूर्ण है।

## राहुल-प्रियंका आज कोंडली और हौज काजी में करेंगे चुनावी रैली


**»दिल्ली विधानसभा चुनाव**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के दंगल में कांग्रेस की टॉप लीडरशिप भी पूरे दम-खम से प्रचार कर रही है. इस कड़ी में बुधवार को लगातार दूसरे दिन कांग्रेस पार्टी के दोनों स्टार प्रचारक राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा दिल्ली के अलग-अलग इलाके में चुनावी रैली कर विरोधियों पर हमला करेंगे. राहुल गांधी जहां कोंडली में एक रैली को संबोधित करेंगे।

## चीन से लौटे एक ही परिवार के तीन लोगों के ब्लड में कोरोना वायरस की आशंका

**» तीनों सदस्यों का ब्लड सैंपल जांच के लिए पुणे भेजा गया**

**दुर्ग (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में चीन से लौटे एक परिवार के तीन लोगों के खून में कोरोना वायरस होने की आशंका पर उनका ब्लड सैंपल लेकर पुणे भेजा गया है। पूरी जांच-पड़ताल जिला प्रशासन के निगरानी में किया जा रहा है। ज्ञात हो कि कोरोना वायरस की दस्तक अब छत्तीसगढ़ तक पहुंच चुकी है। राज्य के साथ दुर्ग में एक ही परिवार के तीन संदिग्ध सदस्यों का ब्लड सेंपल पुणे जांच के लिए भेजा गया है। संभावित परिवार के सदस्य चीन से लौटे थे, जिसकी जानकारी प्रशासन को लगी। तत्काल इनसे संपर्क कर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इनका ब्लड सैंपल एकत्रित करवाया और इसे जांच के लिए भेजा है। दुर्ग कलेक्टर अंकित आनंद के अनुसार यह सिर्फ एहतियातन कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि 2 दिनों के बाद जांच रिपोर्ट आएगी उसके बाद ही पूरा खुलासा हो सकेगा। उन्होने कहा कि इसके अलावा कोरोना वायरस से बचने के लिए एहतियातन कदम उठाए जा रहे हैं, जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है. जिला स्वास्थ्य विभाग को इसको लेकर अलर्ट मोड पर रखा गया है। दुर्ग के अलावा सरगुजा में भी कोरोना वायरस के संदिग्ध मरीजों के सैंपल जांच के लिए भेजा गया है।



## मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर, एक जवान शहीद

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के पास शालतेंग इलाके में बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाई थी। जवाबी कार्रवाई के बाद मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने इसका मुंह तोड़ जवाब दिया, जिसमें ये आतंकवादी मारे गए।

## महाराष्ट्र के वधावन में नए बंदरगाह की होगी स्थापना

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र के वधावन में एक नए प्रमुख बंदरगाह की स्थापना के लिए सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी। परियोजना की कुल लागत 65,544.54 करोड़ रुपये होने की संभावना है।



वधावन बंदरगाह 'भू-स्वामित्व मॉडल' में विकसित किया जाएगा। जवाहर लाल नेहरू पोर्ट के साथ एक शीर्ष भागीदार के रूप में एक स्पेशल पर्पज व्हिकल (एसपीवी) स्थापित किया जाएगा। जेएनपीटी की इस परियोजना को लागू करने में इक्विटी भागीदारी 50 प्रतिशत के बराबर या इससे अधिक होगी। एसपीवी अंतर्क्षेत्र के साथ कनेक्टिविटी स्थापित करने के अलावा भूमि सुधार, ब्रेक वॉटर के निर्माण सहित बंदरगाह बुनियादी ढांचे का विकास करेगा। सभी व्यापारिक गतिविधियां निजी ड्वेलेपर्स द्वारा पीपीपी मोड के तहत की जायेंगी।

जवाहर लाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) भारत में सबसे बड़ा है। इसका विश्व में 28वां स्थान है तथा इसका यातायात 5.1 मिलियन टीईयू (20-फुट इक्वेलेंट यूनिट्स) है। वर्ष 2023 तक 10 मिलियन टीईयू की क्षमता वृद्धि करने वाले चौथे टर्मिनल के पूरा होने के बाद भी जवाहर लाल नेहरू पोर्ट विश्व में 17वां सबसे बड़ा कंटेनर पोर्ट होगा। वधावन बंदरगाह के विकास के बाद भारत विश्व के शीर्ष 10 कंटेनर बंदरगाह वाले देशों में शामिल हो जाएगा। महाराष्ट्र में देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह जेएनपीटी में है। यह महाराष्ट्र, उत्तर कर्नाटक, तेलंगाना के अंतर्क्षेत्र और गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, एनसीआर, पंजाब और उत्तर प्रदेश के द्वितीयक अंतर्क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करता है।

## राजनाथ ने यूएई, ब्रिटेन, मालदीव, किर्गिस्तान तथा ओमान के रक्षा मंत्रियों से की बातचीत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डेफएक्सएपो 2020 के पहले दिन यूएई, ब्रिटेन, मालदीव, किर्गिस्तान तथा ओमान के रक्षा मंत्रियों से बातचीत की।

अपने किस्म का विशाल डेफएक्सपो उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मामलों के राज्य मंत्री महामहिम मोहम्मद अल बोवर्दी के साथ द्विपक्षीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने पर चर्चा की।




दोनों रक्षा मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच जारी रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर संतोष व्यक्त किया। संयुक्त अरब अमीरात के मंत्री का स्वागत करते हुए राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न सांस्कृतिक और पर्यटन क्षमताओं के दोहन के लिए उन्हें आमंत्रित किया। दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच मित्रतापूर्ण व्यवहार से द्विपक्षीय सहयोग रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित हुआ है।

ब्रिटेन के रक्षा खरीद मामलों के मंत्री जेम्स हिप्पी के साथ शिष्टमंडल स्तर की द्विपक्षीय बातचीत में रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों की चर्चा की। दोनों मंत्रियों के बीच रक्षा सहयोग से जुड़े विभिन्न पहुओं पर बातचीत हुई और भविष्य में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी फोकस किया गया।

दोनों नेता कल आगे बातचीत करने पर सहमत हुए। तीसरी बैठक में रक्षा मंत्री ने मालदीव की रक्षा मंत्री महामहिम उज़ा मारिया अहमद दीदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत की।

## पति ने पत्नी की गला घोंटकर की हत्या

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अक्सर ये देखने-सुनने में आता है कि इंसान ताना बर्दाश्त नहीं कर सकता, खास कर अपनों का दिया. ऐसा ही एक मामला देश की राजधानी दिल्ली में सामने आया है जहां एक शख्स को अपनी पत्नी का ताना मारना इतना बुरा लगा कि उसने उसकी हत्या कर दी।



आरोपी पति को पत्नी का ताना मारना इसलिए भी और बुरा लगा क्योंकि ये उसकी साली के सामने दिया गया. पुलिस ने 45 वर्षीय एक व्यक्ति को कथित तौर पर अपनी पत्नी का गला घोंट कर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है. पुलिस के मुताबिक आरोपी की पत्नी ने उसके देर से सो कर उठने को लेकर अपनी बहन के सामने ताना मारा था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम फजरुद्दीन है और वो यूपी के गाजियाबाद का रहने वाला है. 'जांच के दौरान पाया गया कि समीना नाम की महिला को एम्स के ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया.' नेब सराय पुलिस थाने में हत्या का एक मामला दर्ज किया गया है. मंगलवार को समीना अपनी बहन के साथ बैठी थी, तभी उसने देर से सो कर उठने के लिए अपने पति पर ताना कसा. इस पर गुस्से से आगबबूला आरोपी ने पहले समीना को धमकी दी और फिर बाद में गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी।

## क्या विकास करने वाला आतंकी हो सकता है?

**» केजरीवाल को आतंकी कहने पर मैदान में उतरी बेटी हर्षिता**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों के नेताओं के बीच जुबानी जंग अपने चरम पर है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे सियासी सरगर्मियां बढ़ती जा रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बीजेपी नेता द्वारा आतंकी बताए जाने के खिलाफ अब उनकी बेटी हर्षिता ने भी दिल्ली के इस रण में एंट्री कर ली है। सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता के बाद अब उनकी बेटी हर्षिता केजरीवाल ने अपने पिता का बचाव किया है।

## अरविंद केजरीवाल का चेहरा हुआ बेनकाब

**» कपिल गुर्जर के बहाने नड्डा का आप पर वार**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को शाहीन बाग में गोली चलाने वाले की पहचान आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्य के रूप में होने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि इससे आप और केजरीवाल का ''गंदा'' चेहरा बेनकाब हो गया है जो देश की सुरक्षा के साथ खेल रहे हैं।

नड्डा ने ट्वीट किया कि देश और दिल्ली के लोगों ने आज आम आदमी पार्टी का ''गंदा'' चेहरा देख लिया। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, '' राजनीतिक लालसा के लिए केजरीवाल और उनके लोगो ने देश की सुरक्षा तक को बेच तक दिया।



पहले केजरीवाल सेना का अपमान करते थे और आतंकवादियों की वकालत लेकिन आज तो उनके आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने वालो से सम्बंध सामने आ गए।''

उन्होंने कहा कि वह केजरीवाल को स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि यह देश किसी भी चुनाव, किसी भी सरकार से बड़ा है और '' यह राष्ट्र उन लोगों को माफ नहीं करेगा जो उसकी सुरक्षा के साथ खेलते हैं। केजरीवाल और उनकी पूरी टीम बेनकाब हो गयी है। दिल्ली के लोग मुंहतोड़ जवाब देंगे।'' उन्होंने दावा किया कि पूरे देश में दिल्ली सरकार के मंत्री इमरान हुसैन की कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन पीएफआई के साथ तस्वीरें देखी हैं।

## अयोध्या में राम मंदिर के लिए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट

**» जय श्रीराम के नारों के बीच पीएम ने लोकसभा में किया ऐलान**

**» अधिगृहित 67.07 एकड़ भूमि ट्रस्ट को स्थानांतरित करने का फैसला**

**» कैबिनेट की बैठक के बाद पीएम ने लोकसभा में दी जानकारी**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट स्थापित करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की मियाद पूरी होने से तीन दिन पहले केंद्र सरकार ने इसके लिए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की घोषणा की। लोकसभा में बुधवार को खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने जय श्रीराम के नारों के बीच इस आशय की जानकारी दी। इसके तत्काल बाद गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि ट्रस्ट 15 सदस्यीय होगा और इसमें दलित वर्ग का भी एक सदस्य शामिल होगा।



सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पीएम ने कैबिनेट की बैठक में ट्रस्ट के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी देने की जानकारी देते हुए कहा कि यह अयोध्या में भगवान राम के मंदिर केनिर्माण और उससे संबंधित निर्णय के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र होगा। सरकार ने अयोध्या कानून के तहत 67.07 एकड़ अधिगृहित भूमि इस ट्रस्ट को हस्तांतरित करने का फैसला किया है। इसमें भीतरी और बाहरी आंगन भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप सुन्नी वक्फ बोर्ड को 5 एकड़ भूमि देने संबंधी केंद्र सरकार के अनुरोध को राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है।

### विपक्ष से मांगा सहयोग

इस दौरान पीएम ने मंदिर निर्माण में विपक्ष का सहयोग मांगते हुए राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर लोगों द्वारा दिखाई गई परिपक्वता की भूरी भूरी तारीफ की। उन्होंने कहा कि 9 नवंबर को राम जन्मभूमि पर फैसला आने के बाद सभी देशवासियों ने अपनी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर विश्वास जताते हुए बहुत परिपक्वता का उदाहरण दिया था। मैं देशवासियों के परिपक्व व्यवहार की भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं। पीएम ने कहा कि भारत की प्राणवायु में, आदर्शों में, मर्यादाओं में भगवान श्रीराम और अयोध्या की ऐतिहासिकता से हम सभी परिचित हैं। उन्होंने विपक्ष से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि आइए, इस ऐतिहासिक क्षण में हम सभी सदस्य मिलकर अयोध्या में श्रीराम धाम के जीर्णोद्धार के लिए, भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए, एक स्वर में अपना समर्थन दें।